मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 21
रविवार, 27 जुलाई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## अंपायर पक्षपाती था, इसलिए हारी कांग्रेसः राहुल गांधी




**नई दिल्ली, 26 जुलाई।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को एक बार फिर भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर निशाना साधा और गुजरात विधानसभा चुनावों में पार्टी की लगातार हार के लिए चुनाव आयोग को ज़िम्मेदार ठहराया। पार्टी के 'संगठन सुजन अभियान' शिविर के दौरान आणंद में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, राहुल ने चुनाव आयोग को 'पक्षपाती' करार दिया और जोर देकर कहा कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उसके मुख्य आधार पर हराना जरूरी है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) ने पार्टी कार्यकताओं को आश्वासन दिया कि विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों का चयन करने से पहले कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व उनके विचारों पर विचार करेगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राज्य में अपने कार्यकताओं के साथ खड़ा है। पार्टी के 'संगठन सुजन अभियान' शिविर के बाद, कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने राहुल के भाषण की सराहना की, साथ ही चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा की कड़ी आलोचना की।

कांग्रेस के सुरेंद्रनगर ज़िला प्रमुख नौशाद सोलंकी ने कहा कि राहुल ने अपने संबोधन में दावा किया कि अंपायर पक्षपाती था, जिसके कारण पार्टी 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव हार गई। सोलंकी ने कहा कि क्रिकेट में अगर आप बार-बार आउट हो जाते हैं, तो आप खुद पर शक करने लगते हैं। लेकिन फिर आपको एहसास होता है कि आप अपनी गलती की वजह से आउट नहीं हो रहे हैं। यह अंपायर है जो पक्षपात कर रहा है। राहुल जी ने यह बात कही और हमें आत्मविश्वास दिया। उन्होंने कहा कि हम 2017 के गुजरात चुनाव ईसीआई की संदिग्ध मतदाता सूची के कारण हारे थे।

सोलंकी ने कहा कि राहुल ने देश की तुलना एक मंदिर से भी की, लेकिन दावा किया कि प्रसाद किसे मिलेगा, यह भाजपा और आरएसएस तय करते हैं। उन्होंने कहा, ₹राहुल जी ने जोर देकर कहा कि भाजपा को उसके मुख्य गढ़ गुजरात में हराना बेहद जरूरी है।

उन्होंने हमें बताया कि पार्टी का मानना है कि हमें उत्तर प्रदेश, बिहार और कुछ अन्य राज्यों में (भाजपा को हराने के लिए) कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि अगर हम गुजरात में भाजपा को हरा सकते हैं, तो पार्टी को हर जगह हराया जा सकता है।₹ राजकोट कांग्रेस प्रमुख राजदीप सिंह जडेजा ने शिविर के बाद कहा कि राहुल ने पार्टी कार्यकताओं और नेताओं से विभिन्न शहरों और जिलों में लोगों के सामने आने वाले मुद्दों को उठाने को भी कहा है।

## अदालतें आपराधिक शिकायतों में परिवर्तन की अनुमति दे सकती हैं : न्यायालय



**नई दिल्ली, 26 जुलाई।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें आपराधिक शिकायतों में संशोधन की अनुमति दे सकती हैं बशर्ते इन बदलावों से मुकदमे में आरोपी के प्रति कोई पूर्वाग्रह ना हो।

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने आगे कहा कि प्रक्रियात्मक कानून न्याय में सहायता के लिए है, न कि उसमें बाधा डालने के लिए। शीर्ष अदालत के फैसले ने इस सिद्धांत को पुष्ट किया कि प्रक्रिया संबंधी तकनीकी बातें न्याय की राह पर हावी नहीं होनी चाहिए और उसने परक्राम्य लिखत (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट) अधिनियम की धारा 138 के तहत दायर आपराधिक शिकायत में संशोधन की अनुमति दी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब आरोप में बदलाव किया जाता है और अगर आरोपी के प्रति कोई पूर्वाग्रह नहीं है, तो मुकदमा आगे बढ़ सकता है। अदालत ने कहा, अगर इससे पूर्वाग्रह होने की संभावना है, तो अदालत या तो नए मुकदमे का निर्देश दे सकती है या मुकदमे की सुनवाई उस अवधि के लिए स्थगित कर सकती है।

दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 217 अभियोजक और अभियुक्त को आरोपों में बदलाव होने पर उसमें निर्धारित शर्तों के तहत गवाहों को वापस बुलाने की स्वतंत्रता देती है। अदालत ने यह टिप्पणी करना उचित समझा कि शिकायतों में संशोधन दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के लिए कोई नई बात नहीं है।

## चिराग पासवान ने बिहार में अपराध पर नीतीश सरकार को घेरा



**पटना, 26 जुलाई।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपराध पर अंकुश लगाने में असमर्थ सरकार का समर्थन करने में दुख हो रहा है। एनडीए सरकार में केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि बिहार में प्रशासन हत्या, अपहरण, डकैती और बलात्कार की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से असमर्थ है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में जिस तरह से अपराध हो रहे हैं, प्रशासन अपराधियों के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हो गया है। चिराग पासवान ने आगे कहा कि यह सही है कि इस घटना की निंदा आवश्यक है, लेकिन ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? अपराधों का एक सिलसिला सा चल पड़ा है। अगर यह ऐसे ही चलता रहा, तो स्थिति भयावह होगी, बल्कि, स्थिति भयावह हो गई है। पासवान ने राज्य सरकार पर या तो स्थिति को छिपाने का प्रयास करने या स्थिति को संभालने में असमर्थ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर यह कहा जा रहा है कि यह चुनाव के कारण हो रहा है, तो मैं यह भी कह सकता हूं कि ऐसा हो सकता है, यह सरकार को बदनाम करने की साजिश हो सकती है, लेकिन फिर भी, इसे नियंत्रित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। आपके प्रशासन में अपराधी कैसे बच निकल रहे हैं... या प्रशासन स्थिति को छिपाने की कोशिश कर रहा है, या प्रशासन स्थिति को संभालने में पूरी तरह से असमर्थ है। उन्होंने कहा, मुझे दुख है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जहां अपराध अनियंत्रित हो गया है। लोजपा (रालोद) नेता की यह टिप्पणी गया में होमगार्ड भर्ती अभियान में भाग ले रही 26 वर्षीय एक महिला के साथ एम्बुलेंस के अंदर कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद आई है। यह घटना 24 जुलाई को हुई थी जब शारीरिक परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था।

## कारगिल के वीर सपूतों को याद कर राष्ट्रपति-पीएम ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली, 26 जुलाई।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर भारत ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध में असाधारण साहस का परिचय दिया और अपने प्राणों की आहुति दी। यह दिवस युद्ध में भारत की विजय का स्मरण कराता है और देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए लड़ने वाले देश के सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की याद दिलाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए देश के जवानों की असाधारण वीरता और दृढ़ निश्चय पर जोर दिया। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। देश के प्रति उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को बधाई दी और भारत के सशस्त्र बलों के अद्वितीय साहस की सराहना की। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि देशवासियों को कारगिल विजय दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। यह अवसर हमें मां भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मातृभूमि के लिए मर-मिटने का उनका जज्बा हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। जय हिंद! केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी भारतीय सैनिकों के वीरतापूर्ण प्रयासों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्स पोस्ट में कहा कि 'कारगिल विजय दिवस देश के वीर जवानों के गौरव और विजयगाथा का अविस्मरणीय दिन है। वर्ष 1999 में हमारे जवानों ने ऑपरेशन विजय से दुश्मनों को घुटनों पर ला कर, अदम्य साहस व पराक्रम की अमिट मिसाल पेश की। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उन सभी शूरवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह राष्ट्र आपके त्याग व बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कारगिल विजय दिवस पर शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सिंह ने एक्स पर लिखा कि मैं उन वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी हमारे राष्ट्र के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। कारगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की एक चिरस्थायी याद दिलाता है। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा।

## सीएम योगी का बड़ा फैसलाः अग्निवीरों को यूपी पुलिस में 20% आरक्षण



**लखनऊ, 26 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध पाकिस्तान द्वारा ₹थोपा₹ गया था, जिसका भारत ने ऑपरेशन विजय के तहत दुश्मन को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कारगिल एक चुनौतीपूर्ण जगह थी जहाँ दिन में भी तापमान माइनस 50 डिग्री रहता है। लेकिन पाकिस्तान के कायर भारतीय सेना के पराक्रम के आगे टिक नहीं पाए। तत्कालीन पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ अमेरिका गए, और अमेरिका ने दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन वाजपेयी जी ने कहा कि चाहे अमेरिका हो या कोई भी विश्व शक्ति, भारत नहीं झुकेगा। योगी ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि जो सैनिक अग्निवीर के रूप में देश की सेनाओं में अपना योगदान दे रहे हैं, जब वह सैनिक सेवानिवृत्त होगा, तो हम ऐसे सैनिकों के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था कर रहे हैं।

उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा कि आपने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भी भारत का पराक्रम देखा होगा। भारत के वीर जवानों और भारतीय सेना को पाकिस्तान को सबक सिखाने और पाकिस्तान के सभी आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने में 22 मिनट भी नहीं लगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत कई देशों से लड़ रहा था। एक मोर्चे पर उसे (पाकिस्तान को) तुर्की, चीन और दुनिया के अन्य देशों से मदद मिल रही थी। लेकिन इतना सब होने के बावजूद, भारत की वीर सेना के सामने पाकिस्तान कुछ नहीं कर सका और अंततः उसे आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि अगर हमें एक विकसित भारत के सपने को साकार करना है, तो हमें उन षड्यंत्रों से सावधान रहना होगा जो हमें जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बांटने का काम करते रहते हैं। इतिहास के किसी भी कालखंड में भारत बल, बुद्धि और शिक्षा में कभी कमजोर नहीं रहा। लेकिन जो लोग विकसित भारत नहीं चाहते, जो लोग समर्थ भारत नहीं चाहते, जो लोग सशक्त भारत नहीं चाहते, वे जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर भारत को बांटते हैं, सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करते हैं और दुश्मनों को शह और प्रोत्साहन देते हैं।

## पीएम मोदी की ट्रंप के साथ दोस्ती खोखली साबित हो रही है : जयराम रमेश




**नई दिल्ली, 26 जुलाई।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए भारतीय कूटनीति की विफलता का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री की दोस्ती खोखली साबित हो रही है। कांग्रेस (महासचिव) के संचार प्रभारी रमेश ने एक्स पर लिखा कि 19 जून, 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा चीन को क्लीन चिट देने की भारत को पहले ही भारी कीमत चुकानी पड़ी है। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी बहुप्रचारित दोस्ती अब खोखली साबित हो रही है।

रमेश ने कहा कि भारतीय कूटनीति की घोर विफलता, खासकर पिछले दो महीनों में, चार तथ्यों से सबसे ज्यादा उजागर होती है। ये तथ्य प्रधानमंत्री और उनके ढोल पीटने वालों और जयजयकार करने वालों के बड़े-बड़े दावों की पोल खोलते हैं। 10 मई, 2025 से अब तक राष्ट्रपति ट्रंप 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया था। उन्होंने भारत और पाकिस्तान को धमकी दी है कि अगर उन्होंने युद्ध नहीं रोका, तो वे अमेरिका के साथ व्यापार समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 10 जून, 2025 को, शक्तिशाली अमेरिकी मध्य कमान के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला, आतंकवाद का मुकाबला करने में पाकिस्तान को अमेरिका का एक अभूतपूर्व साझेदार बताते हैं।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करेः 9199355950









# वाराणसी में साइबर अपराधियों पर कसा शिकंजा, 25 गिरफ्तार, 2 करोड़ की रोकी गई ठगी

**पुलिस कमिश्नर ने की समीक्षा**

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। ज़िले के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने साइबर थाना एवं साइबर सेल की वार्षिक कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने साइबर अपराध की रोकथाम और त्वरित कार्रवाई हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए। साइबर थाना पुलिस की ओर से जालसाजों पर प्रभारी कार्रवाई की जा रही है। 25 को गिरफ्तार करने के साथ ही 2 करोड़ रुपये की ठगी रोकी गई।

साइबर क्राइम की टीम ने 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसमें 10 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। 2 करोड़ की साइबर ठगी को समय रहते रोकने में सफलता हासिल करते हुए धनराशि अपराधियों के खातों में जाने से पहले फ्रीज कर दी गई। 288 संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच के बाद उन्हें ब्लॉक किया गया, जिससे वित्तीय धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगा। पुलिस



सोशल मीडिया पर 110 से अधिक फर्जी प्रोफाइल हटवाए गए, पीड़ितों को राहत प्रदान की गई। 48 से अधिक साइबर जागरूकता शिविरों का आयोजन कर 5000 से अधिक छात्र-छात्राओं व नागरिकों को साइबर सुरक्षा के उपाय बताए गए।

पुलिस कममिश्नर ने निर्देशित किया कि लंबित मामलों में शीघ्र विवेचना पूरी की जाए, गिरफ्तार अपराधियों की चल-अचल संपत्तियों की जब्ती की कार्रवाई करें। स्थायी निगरानी हेतु अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए। साथ ही, पुलिसकर्मियों को आधुनिक साइबर अपराधों की Modus Operandi और उनके रोकथाम उपायों पर प्रशिक्षण देने पर भी बल दिया गया। बैठक के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि साइबर अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# वर्ल्ड आईवीएफ-डे पर आशीर्वाद हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम, निःसंतान दंपत्तियों के लिए नई उम्मीद

**25 जुलाई 1978 में दुनिया का पहला आईवीएफ से जन्मा बच्चा लुईस ब्राउन पैदा हुआः डॉ.अंजू**

**डॉ.इम्तियाज अहमद सिद्दीकी**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)।पॉलिटेक्निक चौराहे स्थित आशीर्वाद हॉस्पिटल एंड आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर में वर्ल्ड आईवीएफ डे के अवसर पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. अंजू कन्नौजिया ने निःसंतान दंपत्तियों को संतान प्राप्ति के लिए आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) तकनीक की जानकारी देते हुए कहा, मां बनना हर महिला का सपना है और आईवीएफ उस सपने को साकार करने की एक वैज्ञानिक राह है।





कार्यक्रम में आईवीएफ के जरिए मातृत्व प्राप्त कर चुकी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने सामाजिक दबाव और मानसिक तनाव का सामना किया और आईवीएफ तकनीक से अपने जीवन में नई रोशनी लाई। उनकी खुशी और आत्मविश्वास ने समारोह का माहौल भावनात्मक कर दिया।

डॉ. अंजू ने बताया कि हर साल 25 जुलाई को वर्ल्ड आईवीएफ डे मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 1978 में दुनिया का पहला आईवीएफ से जन्मा बच्चा लुईस ब्राउन पैदा हुआ था। यह दिन उन वैज्ञानिकों को भी समर्पित है जिन्होंने इस क्रांतिकारी तकनीक को सफल बनाया। उन्होंने बताया कि आईवीएफ पूरी तरह सुरक्षित है और हजारों दंपत्तियों के लिए संतान प्राप्ति का वरदान साबित हो चुकी है। डॉ. अंजू ने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि समाज में निःसंतानता को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और दंपत्तियों को भावनात्मक सहारा देना है। कार्यक्रम में डॉ. अंजना सिंह, समाजसेवी ऊर्वशी सिंह, आरडी चौधरी, सुनील चौधरी, मोहम्मद अजहर, ओम निगम, सुनील यादव, पिंटू कन्नौजिया, अभिलाष सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहे।

अंत में आशीर्वाद हॉस्पिटल के डॉ. विनोद कुमार (ऑर्थोपेडिक सर्जन) ने आए हुए सभी अतिथियों एवं का आभार व्यक्त किया।

# देश की सुरक्षा में सभी की हो भागीदारी: जिलाधिकारी

**कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन के



तत्वावधान में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मीडिया से बातचीत में जिलाधिकारी ने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने दुश्मन देश को परास्त कर भारत की अस्मिता की रक्षा की थी। यह दिन हमारे गौरव और शौर्य का प्रतीक है। यदि भविष्य में कोई राष्ट्र भारत की ओर बुरी नजर डालेगा, तो हमारे सैनिक फिर से उसे करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान की बदौलत आज हमारा देश सुरक्षित है। देश की सुरक्षा सिर्फ सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि नागरिकों को भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र के साथ खड़ा होना चाहिए।

# सेंट जेवियर्स स्कूल खेतासराय में ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**◆ छात्रों ने दिखाई अद्भुत रचनात्मकता, निर्णायकों ने की सराहना**

**निशानाथ**

खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कस्बे के सेंट जेवियर्स स्कूल, खेतासराय में शनिवार को रंगारंग ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने विविध और कल्पनाशील वेशभूषाओं के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक प्रशांत गौरव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहन देना तथा उनके भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करना था। उन्होंने कहा, इस प्रकार की सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रहीं नेहा बरनवाल और कृति शुक्ला ने सांस्कृतिक



कार्यक्रम जो जच किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका अर्चना मिश्रा ने किया। इस अवसर पर नाजिया बानो, तरन्नुम, आदित्य मिश्रा, श्वेता सहित दीपिका गुप्ता,आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शशिकांत झा ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# बहु उपयोगी है सहजन का पेड़, जिलाधिकारी ने लोगों को पौधा देकर लगाने पर दिया जोर

जौनपुर(उत्तरशक्ति)।जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में फरियादियों और वादकारियों



में सहजन के पौधे का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने सहजन के पौधे के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सहजन के पौधे में विटामिन ए.बी.सी. आयरन, एन्टीबायोटिक, एन्टीडायबिटिक, एन्टीआक्सीडेन्ट के साथ ही कैल्सियम की मात्रा दूध से भी अधिक पायी जाती है।यह पौधा औषधीय गुणों से भरपूर होता है। सहजन के पत्ते का सेवन काढे के रूप में और फली को सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में इसका प्रयोग करने के लिए बढ़ावा देना है, जिससे इस औषधीय पौधे के महत्ता को जन जन तक पहुंचाया जा सके। इसके सेवन से महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों में कुपोषण की समस्या नही होती है और गठिया का रोग भी ठीक हो जाता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया है कि सहजन का पौधा लगाये और इसका उपयोग भी करे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से वृहद स्तर पर जनपद में पौधरोपड़ किया गया है, सभी जनपदवासी भी एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाये। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी शालिनी चौरसिया, वन दरोगा राजेन्द्र प्रसाद यादव, वन रक्षक अमन यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

**महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रीमान पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर



गठित मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों तथा मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और सुरक्षा संसाधनों के प्रति जागरूक किया।

**प्रमुख बिंदुः** महिला सशक्तिकरण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गईःमुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला, पेंशन योजना,राष्ट्रीय पोषण मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई एवं पंपलेट वितरित किए गए। वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपात सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस-108, साइबर हेल्पलाइन-1930

**सहभागिता एवं संवादः** अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने आमजन विशेषकर युवतियों एवं महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें यह संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की असुविधा या उत्पीड़न की स्थिति में वे निःसंकोच पुलिस से संपर्क करें। उपस्थित नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की मांग भी की।

**जनपद पुलिस की प्रतिबद्धताः** जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा यह जागरूकता अभियान मिशन शक्ति के तहत निरंतर जारी रहेगा, ताकि समाज में महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण एवं जनसहभागिता को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।सोशल मीडिया सेल जनपद जौनपुर।

# अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार तीन को रौंदा, एक मासूम की मौत और दो गंभीर

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप के जद में आकर एक मासूम काल के गाल में समा गया।जबकि दो अन्य बुरी तरह घायल हो गए। शाहगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम जमदहां निवासी करिश्मा पत्नी कमलेश अपने चार वर्षीय पुत्र कार्तिक और अपने जेठ के साथ एक बाइक पर सवार होकर शनिवार की दोपहर किसी काम से शाहगंज आये थे। काम करके वह वापस अपने घर जा रहे थे कि फैजाबाद रोड गौरव हास्पिटल के निकट पीछे से आ रही एक तेज रफ़्तार अनियंत्रित पिकप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।जिससे बाइक पर सवार तीनो गिर कर बुरी तरह घायल हो गए।जबकि चार वर्षीय मासूम कार्तिक की मौके पर ही मौत हो गयी। और उसकी मां और ताऊ बुरी तरह घायल हो गए। घटना से आसपास के लोगों ने पिकप चालक को पिकप सहित घेर कर पकड़ लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। और घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं पिकप चालक को हिरासत में लेकर और पिकप को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया।जहां आगे की कानूनी कार्यवाई की जा रही है।यातायात पुलिस की लापरवाही से रोज जिले में लोग गंवा रहे है सड़क पर जान।

# पथरगड्डी उखाड़ने में तीन पर केस

खुटहन ,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मलूकपुर गांव में खेत की पथरगड्डी उखाड़ कर फेंक दिए जाने के मामले में उप जिलाधिकारी शाहगंज के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी अशोक कुमार ने तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसके खेत की पथरगड्डी गत छह जून को राजस्वकर्मियों की मौजूदगी में कराई गई थी। जिसे गांव के फागू, विजय और मुरली ने उखाड़ कर फेंक दिया था। एसडीएम के आदेश पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# किशोरी को भगा ले जाने के आरोपित पर केस दर्ज

खुटहन,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक सप्ताह पूर्व गायब हुई किशोरी के मामले में उसके पिता के द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। किशोरी के पिता का आरोप है कि बनकठा गांव निवासी मनोज गौतम का उसके घर आना जाना था। वह मौका पाकर 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।

**महराजगंज पुलिस व एसटीएफ लखनऊ को मिली सफलता**

# दो शातिर अपराधी को 4 पिस्टल, रिवाल्वर व मैगजीन संग गिरफ्तार, मोबाइल व बाइक बरामद

महराजगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थानाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय, थाना महराजगंज व एसटीएफ टीम मुख्यालय लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा डड़वा मोड़ पर चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान 1. प्रमोद तिवारी उर्फ बल्ली पुत्र लालजी तिवारी निवासी ग्राम उसरौली पोस्ट पठकौली थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 2. राघवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र रणविजय सिंह निवासी



ग्राम व पोस्ट ताला थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 25.07.2025 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी उपरोक्त के कब्जे से 04 पिस्टल मय मैगजीन 7.65एमएम, 01 रिवाल्वर 0.32 बोर, 03 मैगजीन, 04 जिन्दा कारतूस 7.65एमएम, कारतूस , 04 मोबाईल, एक मोटर साइकिल नं0 यूपी72 बीयू9123 बरामद हुआ, अवैध/नाजायज असलहे कारतूस व मैगजीन की बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-133/25 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए 24 जुलाई से 14 अगस्त तक करें आवेदन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य शाहिद जमाल ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल पर 24 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किये जा रहे, जिसमें मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरियेशन सिस्टम की स्थापना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याणकोष अन्तर्गत मछली विक्रय हेतु मोपेड विद आईस बाक्स परियोजना, अन्तर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास, प्रर्दशनी एवं सेमीनारों के लिए मत्स्य पालकों/मछुआरा का प्रशिक्षण/भ्रमण कार्यक्रम। उपरोक्त योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु योजनावार आवेदन पृथक-पृथक करने होगे। योजना अन्तर्गत परियोजना का विवरण, ईकाइ लागत, आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय वेबसाइट http:feeisheries.up.gov.in पर देखा जा सकता है। उक्त योजना में विभागीय वेबसाइट http:feeisheries.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन 24 जुलाई 2025 से 14 अगस्त 2025 तक किया जा सकता है।

# राष्ट्रवादी नौजवान सभा की प्रथम बैठक में लिए गए कई महत्त्वपूर्ण निर्णय

**भगत सिंह के विचारों से प्रेरित, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सद्भाव पर चर्चा**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। राष्ट्रवादी नौजवान सभा की प्रथम बैठक शनिवार को लाइनबाजार स्थित जिलापंचायत के डाक बंगले में आयोजित हुई जो राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन सिंह की निर्देशन में संपन्न हुई। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि देश के प्रति समर्पित युवा हमारे राष्ट्र की नींव हैं जिनकी भूमिका सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अहम है। इसी क्रम में बैठक को संबोधित करते हुए प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने कहा सरकार की जिम्मेदारी है कि आम आदमी शिक्षा चिकित्सा सस्ते दर पर मिले। वहीं जिला संरक्षक अशोक सिंह सेउर ने कहा देश को आगे बढ़ाने में युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, सामाजिक सेवा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इसके अतिरिक्त इस बैठक में देशभक्ति, स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों और सामाजिक न्याय के प्रति भगत सिंह



के क्रांतिकारी विचारों को केंद्र में रखा गया। जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा भगत सिंह का जीवन और उनके विचार आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। हमारा उद्देश्य उनके बलिदान को याद रखते हुए एकजुट होकर देशहित में कार्य करना है। बैठक में युवाओं ने देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने भगत सिंह के लेखों और भाषणों का उल्लेख करते हुए युवाओं से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में कारगिल में बलिदानी सैनिक को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।संचालन अशोक सिंह ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुष्पेंद्र सिंह, डा अब्बासी, रमेश बिंद, पिंटू चौहान, उत्कर्ष सिंह, राजू यादव, नितेश कन्नौजिया आदि शामिल रहे।

# फ्रैंको कंपनी के असंवैधानिक एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ यूपीएमएसआरए का ज्ञापन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शनिवार को यूपीएमएसआरए जौनपुरी इकाई के सदस्यों ने फ्रैंको इंडियन फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के विरुद्ध जिलाधिकारी जौनपुर एवं पुलिस अधीक्षक जौनपुर को एक ज्ञापन दिया। यूपीएमएसआरए के लोगों ने बताया कि कंपनी भ्रष्टाचार कार्यों में लिप्त है एवं अपने धनबल के कारण कंपनी के एम्पलाई एवं यूपीएमएसआरए के नेताओं को एफआईआर एवं जेल में डालने की फर्जी धमकी दे रही है। जिसको लेकर तमाम सदस्यों ने को ज्ञापन के माध्यम से सूचना दी एवं कंपनी के असंवैधानिक एवं भ्रष्टाचार में लिप्त कई मुद्दों को उनके सामने रखा। हाल ही में कंपनी ने मुंबई में अपने हेड क्वार्टर



के पास फर्जी तरीके से जमीन और मकान को जबरदस्ती हथियाने की कोशिश की जिसमें कंपनी के तमाम अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर एवं जांच में पाया गया कि उनके पास अनाधिकृत हथियार एवं गोली बंदूक इत्यादि पाए गए साथ ही साथ कंपनी द्वारा अनैतिक एवं असंवैधानिक तमाम कार्यों के लिए भी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकर्षित किया। आज के ज्ञापन में साथी मनोज सिंह, अजय चौरसिया, अजय सिंह, राजेश रावत, विशाल साहू, आकाश साहू, अनूप श्रीवास्तव, विकास सिंह, अमित सिंह, विकेश यादव कि अहम भूमिका रही।

# एंटी रोमियो टीम ने महाविद्यालय में पहुंच छात्राओं को किया जागरूक

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के मिजामुर्रादगौर गांव स्थित स्व. वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने पहुंचकर छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

महिला एसआई गोल्डी व एसआई मधुसूदन त्रिपाठी ने छात्राओं से संवाद कर साइबर क्राइम से बचाव के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930, पुलिस हेल्पलाइन 112 व वूमेन हेल्पलाइन 1090 के उपयोग के महत्व को समझाया। छात्राओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहने, फ्रांड कॉल पर पैसे की मांग, ब्लैकमेलिंग जैसे मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करने की सलाह दी गई। साथी यह भी बताया की ओटीपी जैसे संवेदनशील जानकारी किसी अनजान के साथ साझा करें। छात्राओं से बोले की निडर होकर रहोगी तो उत्पीड़न नही हो सकेगा। अगर कोई उत्पीड़न करता है तो उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', डॉ. अंजना सिंह, गौरव उपाध्याय, मुकेश यादव, अमृता सिंह, डॉ. संगीता सिंह, संजू गुप्ता, श्वेता पटेल, संगीता स्नेहा मिश्रा, राजेश सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा समेत समस्त छात्राएं उपस्थित रही।







